# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.02.2023 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.02.2023 को प्रातः 10:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 पी.के. बाजपेयी | सदस्य |
| 3. | प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा | सदस्य |
| 6. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 7. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 8. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 9. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 10. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 11. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 12. | प्रो0 एम.के. सिंह | सदस्य |
| 13. | डॉ0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंगरौल | सदस्य |
| 14. | डॉ0 बी.आर. रावटे | सदस्य |
| 15. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों को एक साथ मिलकर विश्वविद्यालय के विकास में भागीदार बनने प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय के आगामी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.02.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.02.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.02.2023 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.02.2023 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की।

**विषय क्र. 03** **डिप्लोमा इन फार्मेसी कोर्स के लिये प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2022–23 पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि डिप्लोमा इन फार्मेसी के लिए प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2022–23 का अनुमोदन किया जाय।

Mcell~1\SC\..\ SC 26-02-2023

26/02/23     26/02/2023

**विषय क्र. 04** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) एवं मुबान चोम्बुईंग राजाभाट विश्वविद्यालय, रट्चाबुरी, थाईलैंड (MUBAN CHOMBUENG RAJABHAT UNIVERSITY, RATCHABURI, THAILAND) के मध्य समझौता ज्ञापन के रिपोर्टिंग आईटम पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) एवं मुबान चोम्बुईंग राजाभाट विश्वविद्यालय, रट्चाबुरी, थाईलैंड (MUBAN CHOMBUENG RAJABHAT UNIVERSITY, RATCHABURI, THAILAND) के मध्य समझौता ज्ञापन की सूचना ग्रहण की गई एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

**विषय क्र. 05** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) एवं रंगसिट यूनिवर्सिटी, पाथुमथानी, थाईलैण्ड (Rangsit University, Pathumthani, Thailand) तथा गुरू घासीदास विश्वविद्यायल बिलासपुर (छ.ग.) एवं वेस्टफॉर्ड एजुकेशन ग्रुप, लंदन यू.के. (Westford Education Group, London, UK) के मध्य समझौता ज्ञापन के रिपोर्टिंग आईटम पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) एवं रंगसिट यूनिवर्सिटी, पाथुमथानी, थाईलैण्ड (Rangsit University, Pathumthani, Thailand) तथा गुरू घासीदास विश्वविद्यायल बिलासपुर (छ.ग.) एवं वेस्टफॉर्ड एजुकेशन ग्रुप, लंदन यू.के. (Westford Education Group, London, UK) के मध्य समझौता ज्ञापन की सूचना ग्रहण की गई एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

**विषय क्र. 06** **सावधि जमा रसीद/परफॉरमेंस गारंटी/बैंक गारंटी/जमा रसीद वापसी की प्रक्रिया में सुधार पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सावधि जमा रसीद/परफॉरमेंस गारंटी/बैंक गारंटी/जमा रसीद वापसी की प्रक्रिया में सुधार संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 07** **विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन शुल्क में वृद्धि के संबंध में विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने शुल्क वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करते हुए निम्नानुसार आवेदन शुल्क अनुमोदित किये :–

| S.N. | Positions | Application Fee |
|---|---|---|
| 1. | Teaching (UR/EWS/OBC Candidates) | Rs.2500/- |
| 2. | Teaching (SC/ST/PWD Candidates) | Rs. 1000/- |
| 3. | Non Teaching, Group A (UR/ EWS/OBC Candidates) | Rs. 2,500/- |
| 4. | Non Teaching, Group A (SC/ST/PWD Candidates) | Rs. 1,000/- |
| 5. | Non Teaching, Group B & C (UR/ EWS/ OBC Candidates) | Rs. 500/- |
| 6. | Non Teaching, Group B & C (SC/ST/PWD Candidates) | Free |

**विषय क्र. 08** **विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार कार्यात्मक वाहनों के क्रय की प्रक्रिया निर्धारण हेतु नियमावली पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार कार्यात्मक वाहनों के क्रय की प्रक्रिया निर्धारण हेतु प्रस्तावित नियमावली का निम्नानुसार संशोधनों के साथ अनुमोदन किया जाय–

1. प्रस्तावित नियमावली के बजट पैरा के अंतिम पंक्तियों को निम्नानुसार पढ़ा जाय–

   "---- from internal resources of the University, any other sources etc. of the University."

2. क्रय प्रक्रिया के अंतिम पैरा में उल्लेखित **''जीएफआर 2017''** को **''प्रभावी जीएफआर''** पढ़ा जाय।



26/02/23

26/02/2023

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र.1** विश्वविद्यालय के अनुपयोगी, अप्रचलित, निष्कृय सामग्रियों के व्यवस्थापन/निस्तारण हेतु प्रस्तावित पॉलिसी प्रारूप पर चर्चा की गई।

स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तावित पॉलिसी प्रारूप का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र.2** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष दसवां दीक्षांत समारोह आयोजन संबंधी विषय पर चर्चा की गई एवं यह निर्णय लिया गया कि दसवां दीक्षांत समारोह दिनांक 15.03.2023 को आयोजित की जाय।

स्थायी समिति ने दसवां दीक्षांत समारोह दिनांक 15.03.2023 को आयोजित किये जाने की सूचना ग्रहण की एवं इस समारोह में अतिथियों को आमंत्रित करने के लिए कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**अ.अ.वि.क्र.3** विश्वविद्यालय के दसवां दीक्षांत समारोह आयोजन की तैयारी हेतु आवश्यकतानुसार सामग्री/ सेवा क्रय करने के लिए स्थानीय क्रय समिति का गठन किये जाने की स्थिति में संबंधित समिति के समन्वयक स्थानीय क्रय समिति के अध्यक्ष होंगे तथा उनकी समिति के दो अन्य सदस्य जिन्हें समन्वयक महोदय द्वारा नामित किया जायेगा सदस्य होंगे तथा उपरोक्तानुसार गठित समिति क्रय संबंधी कार्यवाही सम्पन्न करायेगी।

**अ.अ.वि.क्र.4** अंश–कालिक पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक कार्यरत् व्यक्तियों के लिये न्यूनतम अर्हता एवं पीएच.डी. कार्य हेतु कार्य स्थल या उसके पास किस केन्द्र पर शोध कार्य करेंगे इस हेतु दिशा–निर्देश संकायाध्यक्षों की समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये।

सर्वसम्मति से समिति के द्वारा सुझाये गये संशोधनों को समाहित करते हुए दिशा–निर्देश स्वीकृत किये गये एवं उन्हें अद्यतन कर वेबसाईट पर अपलोड कराने का निर्णय लिया गया।

**अ.अ.वि.क्र.5** विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023–24 के स्नातक प्रवेश के विज्ञापन एवं एन.टी.ए. को दिये गये निर्देशों में कतिपय पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता/पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सी.यू.ई.टी. के माध्यम से ली जाने वाली परीक्षा प्राविण्य सूची के विषय समूहों में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव कुछ सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा संशोधनों को स्वीकार करते हुए सहायक कुलसचिव (अकादमी) से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्णय लिया गया।

**अ.अ.वि.क्र.6** एम.टेक चतुर्थ सेमेस्टर (मशीन डिजाईन) प्रावीण्य सूची सत्र 2021–22 के प्रकरण के छात्र/छात्राओं का लघु शोध प्रबंध जमा करने की अंतिम तिथि पत्र क्रमांक 238/परीक्षा/2021–22 बिलासपुर दिनांक 12.09.2022 के द्वारा दिनांक 15.10.2022 निर्धारित की गई थी। ऐसे छात्र/छात्राओं जिनका लघु शोध प्रबंध का परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2022 तक घोषित हो चुका है उन्हें प्रस्तावित दसवां दीक्षांत समारोह की प्रावीण्य सूची तथा स्वर्ण पदके के लिए वर्ष 2021–22 के लिए मान्य किया जाय।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

26/02/23          26/02/2023

**कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव**          **कुलपति/अध्यक्ष**